

**रमजान का 22वां दिन**

| सहरी | इफ्तार |
|---|---|
| सुन्नी : 4:58 | सुन्नी : 6:16 |
| शिया : 4:48 | शिया : 6:25 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।







शहर की एजेंसियों में पंजीकृत उपभोक्ता घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के लिए परेशान हैं, लेकिन सड़कों किनारे लगी ठेलियों, रेस्टोरेंट और टिफिन सेंटरों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा है। अमृत विचार

## शहर में आज



- अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में नाट्य संस्था श्रद्धा मानव सेवा समिति की ओर से नाटक दो अकेली का मंचन- 6:45 बजे से।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

## सिटी ब्रीफ

### नगर निगम सदन की बैठक स्थगित

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम सदन की 13 मार्च को प्रस्तावित बैठक स्थगित कर दी गई है। बैठक में नगर निगम के वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बजट पर मुहर लगनी है। दरअसल संसद का बजट शुरू हो गया है। इस बीच नगर निगम सदन नहीं हो सकता है। 31 मार्च से पहले नगर निगम का बजट सदन से पास होना जरूरी है। इसलिए अब नगर निगम के अधिकारी दूसरा रास्ता निकाल रहे हैं। सार्वजनिक अवकाश के दिन बजट के लिए सदन की बैठक करने पर विचार किया जा रहा है। 22 फरवरी को महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में हुई नगर निगम कार्यकारिणी बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कुल 4692.71 करोड़ रुपए के बजट को मंजूरी दी गयी है। अब इसे नगर निगम सदन से मंजूरी दी जानी है।

### चारबाग रेलवे स्टेशन पर 12 फूड स्टॉल बंद

**अमृत विचार, लखनऊ :** चारबाग रेलवे स्टेशन पर 12 स्टॉल फूड रेलवे प्रशासन ने बंद करवा दिए हैं। 32 स्टॉलों में अब 20 का ही संचालन हो रहा है। इन स्टॉलों पर यात्रियों को पैक्ड फूड, चिप्स, बिस्कुट, दालमोठ के पैकेट, चाय, पानी की बोतल, कोल्ड ड्रिंक्स और बच्चों के लिए छोटे-छोटे केक के पैकेट आसानी से मिल जाते थे। ट्रेन रुकने के दौरान यात्री इन्हीं स्टॉलों से जल्दी सामान खरीद लेते थे। स्टॉल बंद होने के बाद प्लेटफॉर्म और ट्रेनों में यात्रा कर रहे यात्रियों को खाने-पीने का सामान ढूंढने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई यात्रियों को सामान के लिए प्लेटफॉर्म पर इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार जिन स्टॉलों को बंद किया गया है, उनकी संचालन अवधि समाप्त हो गई थी। इसी कारण नियमों के तहत उन्हें बंद करने का निर्णय लिया गया है।

### अवकाश के दिन जमा किया गृहकर

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम के जोनल कार्यालय और कैश काउंटर सार्वजनिक अवकाश के दिन बुधवार को भी खुले रहे। लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय में जोन एक कार्यालय में सुबह से गृहकर जमा करने भवन स्वामी बड़ी संख्या में पहुंचे। उन्होंने बकाया गृहकर जमा किया। नगर निगम के कर अधीक्षक भी कार्यालय में उपस्थित रहे। सीलिंग की कार्रवाई से बचने के लिए नोटिस मिलने पर कई भवन स्वामियों ने आंशिक भुगतान किया। बकाया जमा करने के बाद अधिकारियों ने भवन व दुकानों की सील खोली। दरअसल वित्तीय वर्ष समाप्त होने में करीब 20 दिन शेष हैं। नगर निगम गृहकर के बड़े बकायेदारों के खिलाफ कुर्की व सीलिंग की कार्रवाई कर रहा है। बकायेदारों को नोटिस जारी की जा रही है। यही नहीं बकाया जमा न करने पर भवन व दुकानें भी सील कर रहे हैं। गृहकर वसूली में तेजी लाने के लिए नगर आयुक्त के निर्देश पर बुधवार को भी सभी जोनल कार्यालय और कैश काउंटर भवन स्वामियों की सुविधा के लिए खोले गए।

# उपभोक्ता लाइन में, दुकानों में लगे घरेलू गैस सिलेंडर

## एजेंसियों और डिलीवरी प्वाइंटों पर लग रहीं लाइनें, ब्लैक में 1500 रुपये से अधिक में मिल रहा घरेलू गैस सिलेंडर

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ में रसोईगैस सिलेंडरों के लिए बुधवार को भी लोग परेशान दिखे। गैंस एजेंसियों से लेकर डिलीवरी वैनों तक पर लंबी कतारें लगी रहीं। यही गैस कंपनियों के आईवीआरएस सिस्टम में खराबी के कारण गैस के लिए फोन पर बुकिंग तक नहीं हो पा रही है। होली से पहले बुकिंग कराने वाले उपभोक्ताओं को अभी तक सिलेंडर नहीं मिल पाए हैं। आरोप है कि गैस एजेंसियों ने बिना बताए बुकिंग कैंसिल कर दी है। दोबारा बुकिंग कराने के लिए कहा जा रहा है। सबसे ज्यादा समस्या इंडियन और भारत गैस कंपनी की एजेंसियों में आ रही है।

एचपीसीएल में बुकिंग की समस्या नहीं है, इन एजेंसी में 4 से 5 दिन में डिलीवरी की जा रही है।जहां एक ओर घरेलू उपभोक्ता परेशान दिख रहे हैं, वहीं वेंडिंग जोन की रेहड़ियों, चाय की दुकानों और रेस्त्रा में घरेलू गैस के सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है। सिलेंडर की मारामारी का फायदा उठाकर कालाबाजारी भी बढ़ गई है। घरेलू गैस सिलेंडर 1500 रुपये के ऊपर तक में बेचा जा रहा है।

दूसरे प्रदेशों और अन्य जिलों से आए बड़ी संख्या में नौकरी पेशा लोग व विद्यार्थी भी शहर में रहते हैं। इनमें से ज्यादातर लोग भोजन पकाने के लिए 5 किलो के छोटे गैस सिलेंडर का उपयोग करते हैं। इन सिलेंडरों में बड़े सिलेंडरों से रीफिलिंग कर गैस भरी जाती है। गैस की मारामारी के बीच रिफिलिंग करने वालों ने मनमाने दाम बढ़ा दिए हैं। 150 से 200 रुपये किलो तक में रीफिलिंग की जा रही है। प्राइवेट कंपनी में गार्ड की नौकरी करने वाले अनिल कुमार ने बताया कि साइकिल बुधवार दोपहर लालबाग क्षेत्र में 5 किलो का गैस सिलेंडर भराने निकले थे। दुकानदार प्रति किलो 150 से 2000 रुपये से ज्यादा मांग रहे थे।







सिलेंडर पर बैठकर डिलीवरी वैन का इंतजार करता बालक, बुकिंग व सिलेंडर लेने के लिए एजेंसी के सामने लगी उपभोक्ताओं की भीड़ और गैस न मिलने पर सिलेंडर लेकर जाता अधेड़। अमृत विचार

### खाद्य तेल के दामों में भी उछले

- युद्ध की विभीषिका का असर खाद्य तेलों के आयात पर भी पड़ा है। खाद्य तेल के दाम भी उछल गए हैं। थोक बाजार में ही सरसों के तेल में 30 से 35 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। वहीं, रिफाइंड में 30 और पॉम ऑयल में 15 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। कारोबारी बताते हैं कि बाजार में माल ही नहीं है, जिसकी वजह से यह महंगे हुए हैं। सिटी स्टेशन सुभाष मार्ग के संजय सिंघल बताते हैं कि थोक बाजार में 130 रुपये वाला सरसों तेल 30 रुपये बढ़कर 160 रुपये के ऊपर निकल गया है। 140 वाला सोया रिफाइंड 170 से 175 रुपये लीटर पहुंच गया है। वहीं, 140 वाला पॉम ऑयल 155 से 160 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है।

### इस ओर ध्यान दें जिम्मेदार तो मिलेगी राहत

- विभागीय दावों में घरेलू सिलेंडर की भले ही सार्टेज न हो लेकिन, क्षेत्रों में किल्लत बढ़ती जा रही है और बुकिंग के बाद भी आम उपभोक्ताओं को समय पर गैस नहीं मिल रही है। इसकी वजह कालाबाजारी, डंपिंग, ओवररेटिंग और रीफिलिंग करने वाले सक्रिय हो गए हैं। जो घरेलू सिलेंडर महंगे दामों में ठेले, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, स्वीट् हाउस, शादी-पार्टी के लिए कैट्र्स आदि को बेच रहे हैं। कई जगह घरेलू सिलेंडर से रीफिलिंग का अवैध धंधा और जोरों पर हो गया है। इसलिए घरेलू सिलिंडर की उपलब्धता कम हो रही है। यदि ऐसा नहीं है तो आखिरकार यह दुकानें कहां से चल रही है? जबकि कामर्शियल सिलेंडर की तो उपलब्धता ही नहीं है। कैट्र्स चाय की दुकान, मेस, होटल, रेस्टोरेंट आदि जगह कामर्शियल की जगह घरेलू सिलिंडर धड़ल्ले से इस्तेमाल होते देखे जा सकते हैं।

### चाय, पूड़ी-सब्जी और भठूरा हुआ महंगा

- 10 की चाय -12 रुपये
- 12 की -15 रुपये में
- टिफिन-10 रुपये की बढ़ोतरी
- फास्ट फूड में 5 से 10 रुपये बढ़े
- छोला-पूड़ी, छोला चावल में 10 रुपये बढ़े
- छोल भटूरा- में भी 10 रुपये बढ़े।

### घर-घर नहीं पहुंच रहा डिब्बे वाला

- शहर में बाहर से आने वाले इन ''हॉस्टलर'' की बड़ी संख्या है। नरही, जियामऊ, बालू अड्डा, डालीबाग, हजरतगंज, डालीगंज, बलरामपुर, केजीएमयू, पुराना लखनऊ समेत तमाम इलाकों में इन्हीं डिब्बे वालों का बोलबाला रहता है। लेकिन गैस संकट ने इन पर असर डाल दिया है। कई जगह पर मेस, फास्ट फूड दुकानें और ठेले बंद हो गए हैं। इन इलाकों में सबसे ज्यादा हॉस्टल, पीजी और किराये पर मकान संचालित हैं। जहां विद्यालय, इंस्टिट्यूशन और कोचिंग में पढ़ाई करने वाले सबसे ज्यादा बाहर के छात्र-छात्राएं रहते हैं। इनके अलावा बाहर के नौकरी-पेशा वाले भी रहते हैं। जो आसपास होटल, मेस, फास्टफूड दुकानें, रेस्टोरेंट और टिफिन के सहारे हैं। इनमें काफी बंद कर दिए हैं। इससे बाहरी लोगों के लिए खानपान का संकट गहरा गया है।

### सिमटने लगा खान पान का कारोबार

- गैस सिलेंडर की किल्लत का असर खान-पान के कारोबार पर पड़ने लगा है। खान-पान की जो दुकानें लगभग 24 घंटे चलती थी वे अब कारोबार समेटने में लगे हैं। 1090 चौराहे के पास चटोरी गली में करीब 40 खान-पान की दुकानें बंद हो गई हैं। इसके अलावा कई रेस्टोरेंट संचालक बंदी की तैयारी कर रहे हैं। हिमालय फास्ट फूड के संचालक ने बताया कि कॉमर्शियल सिलेंडर खत्म हो गया है। घरेलू सिलेंडर मिल जाए तो काम चल जाएगा। नहीं तो रेस्टोरेंट कुछ समय के लिए बंद करना पड़ेगा। मिश्रा भोजनालय के संचालक ने बताया कि होली से पहले के भरे हुए कॉमर्शियल सिलेंडर से काम चल रहा है।

# सिलेंडर की कमी से केजीएमयू में घटाई गई रोटियों की संख्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- छात्रों के लिए कोयले की भट्ठी पर खिचड़ी बनाने का सुझाव
- रसोई में सोलर कुकर का भी किया जा रहा है इस्तेमाल
- छोटी कैंटीनों में नाश्ता और चाय इंडक्शन पर बनाया जा रहा

**अमृत विचार :** केजीएमयू में कमर्शियल गैस की आपूर्ति रुकने के कारण विश्वविद्यालय की भोजन व्यवस्था पर असर पड़ना शुरू हो गया है।

बुधवार को गैस की कमी के चलते किचन में रोटियों की संख्या कम कर चावल की मात्रा बढ़ाई गई, ताकि मरीजों और उनके तीमारदारों को पर्याप्त भोजन मिल सके। वहीं, हॉस्टलों में गैस खत्म होने के कारण छात्रों के लिए खाना तैयार नहीं हो सका। सोलर कुकर का इस्तेमाल करके कुछ काम चलाया जा रहा है और छोटे-छोटे कैंटीन में हल्का नाश्ता और चाय इंडक्शन पर तैयार की जा रही है। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि छात्रों के लिए अस्थायी रूप से कोयले पर खिचड़ी बनाने का सुझाव दिया गया, लेकिन ज्यादातर छात्र बाहर खाना खाने का निर्णय लेने को मजबूर हुए। गैस आपूर्ति करने वालों से संपर्क किया गया, लेकिन सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो सका। गुरुवार के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पर विचार किया जा रहा है। खुले स्थान पर तंदूर लगाकर भोजन बनाने की योजना भी बनाई जा रही है, क्योंकि हॉस्टल के किचन में धुआं भरने का खतरा है। डॉ. केके सिंह ने बताया कि इस समस्या को लेकर जिला प्रशासन को पत्र भेजा गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि छात्रों को समय पर और सही भोजन नहीं मिलेगा, तो इससे उनकी पढ़ाई और मरीजों के इलाज पर भी असर पड़ेगा।



केजीएमयू की रसोई में छोटे सिलेंडरों से पकाया जाता भोजन।

### एडीएम और डीएसओ टीम के साथ फील्ड पर निकले

गैस सिलेंडर की आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के लिए बुधवार को एडीएम आपूर्ति ज्योति गौतम और डीएसओ विजय प्रताप सिंह टीम के साथ गैस एजेंसियों का निरीक्षण करने फील्ड पर निकले। लालबाग इंडेन गैस सहित उन्होंने कई गैस एजेंसियों में संचालकों और कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। एडीएम ने कहा कि उपभोक्ताओं को बुकिंग के लिए बोर्ड में फोन नंबर प्रदर्शित किए जाएं। इसके अलावा एजेंसी में स्टॉक रजिस्टर और बैकलॉग की जानकारी ली।

**विश्व किडनी दिवस आज** | विशेषज्ञों ने चेताया- जीवनशैली सुधार और समय पर इलाज से रोकी जा सकती है बीमारी

# प्लास्टिक, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन बढ़ा रहा किडनी रोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जलवायु परिवर्तन, बढ़ते वायु प्रदूषण और प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग किडनी रोगों का खतरा बढ़ा रहा है। युवा तेजी से बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। जागरूकता से इस बीमारी से बचा जा सकता है। इसी उद्देश्य से इस वर्ष विश्व किडनी दिवस की थीम पृथ्वी और पर्यावरण में हो रहे बदलावों का किडनी स्वास्थ्य पर प्रभाव पर केंद्रित किया गया है।


इंडियन सोसाइटी ऑफ नेफ्रोलाजी के सचिव व एसजीपीजीआई में नेफ्रोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. नारायण प्रसाद ने बताया कि हवा में मौजूद सूक्ष्म कण (पीएम 2.5) सांस के जरिए शरीर में प्रवेश करते हैं और खून के माध्यम से किडनी तक पहुंच जाते हैं। ये कण किडनी के ऊतकों में जमा होकर सूजन और नुकसान पैदा कर सकते हैं। नैनो और माइक्रो प्लास्टिक भी मानव शरीर के लिए गंभीर खतरा बन रहे हैं। शोध में पाया गया है कि प्लास्टिक के अत्यंत छोटे कण लाल रक्त कोशिकाओं, मस्तिष्क और किडनी के ऊतकों तक पहुंच सकते हैं। यह नुकसान धीरे-धीरे होता है और शुरुआती चरण में इसके लक्षण दिखाई नहीं देते, लेकिन समय के साथ यह गंभीर बीमारी का रूप ले सकता है। इसके अलावा ग्लोबल वार्मिंग से बढ़ती गर्मी भी किडनी के लिए खतरा बन रही है। अधिक गर्मी के कारण शरीर में बार-बार हल्की किडनी चोट हो सकती है, जो धीरे-धीरे स्थायी क्षति में बदलकर क्रॉनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) का रूप ले सकती है। मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा और कोलेस्ट्रॉल जैसी समस्याओं से जुड़ी मेटाबोलिक किडनी बीमारी भी तेजी से बढ़ रही है। इस स्थिति में पेशाब में एल्ब्यूमिन का रिसाव होने लगता है और धीरे-धीरे किडनी की कार्यक्षमता कम होती जाती है।

### दवाओं से टल सकती है डायलिसिस

- डॉ. नारायण के अनुसार कुछ आधुनिक दवाएं जैसे सेमाग्लूटाइड, रेनिन-एंजियोटेंसिन सिस्टम ब्लॉकर्स और नॉन-स्टेरॉयडल मिनरलोकोर्टिकोइड रिसेप्टर एंटागोनिस्ट चिकित्सकीय निगरानी में शुरू करने से किडनी रोग की प्रगति 40 से 70 प्रतिशत तक धीमी की जा सकती है। कई मामलों में इससे डायलिसिस की जरूरत 5 से 10 वर्ष तक टाली जा सकती है।

### किडनी ट्रांसप्लांट की भारी कमी

- डॉ. नारायण के अनुसार देश में हर साल लगभग दो लाख मरीजों को किडनी ट्रांसप्लांट की आवश्यकता होती है, लेकिन केवल 12 से 15 हजार मरीजों का ही ट्रांसप्लांट हो पाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि डायलिसिस की जरूरत पड़े तो घर पर की जाने वाली पेरिटोनियल डायलिसिस एक बेहतर विकल्प हो सकती है। एसजीपीजीआई से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक एक साल के भीतर 111 महिलाओं ने किडनी डोनेट की है, जबकि ऐसा करने वाले पुरुष सिर्फ 16 हैं। इन महिलाओं ने पति, बेटों, बेटियों को किडनी दान की है।



### दर्द निवारक दवाओं से बचे

- डॉ. नारायण प्रसाद का कहना है काम को लेकर लोग तनावग्रस्त हो रहे हैं। सिर दर्द होने पर तत्काल दर्द निवारक दवा ले लेते हैं। शरीर में अन्य पीड़ा होने पर भी दर्द निवारक दवाओं का सेवन अंधाधुंध किया जा रहा है। अत्यधिक दर्द निवारण दवाएं किडनी पर बुरा प्रभाव डालती हैं।

### बचाव के लिए उपाय

- विशेषज्ञों के अनुसार जीवनशैली में बदलाव लाकर किडनी रोग के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके लिए शरीर का बीएमआई 25 से कम रखना, रोजाना 500 से 700 कैलोरी कम लेना, सप्ताह में कम से कम 150 मिनट व्यायाम करना, प्रतिदिन 0.8 ग्राम प्रति किलोग्राम के हिसाब से प्रोटीन लेना और नमक का सेवन 5 ग्राम से कम रखना जरूरी है।

### शुरुआती चरण में नहीं दिखते स्पष्ट लक्षण, नियमित जांच जरूरी

- किडनी रोग विशेषज्ञ (होम्योपैथी) डॉ. अर्चना श्रीवास्तव ने बताया किडनी से जुड़ी बीमारियों को अक्सर खामोश रोग कहा जाता है, क्योंकि इसकी शुरुआत में आमतौर पर कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते। विशेषज्ञों के अनुसार बीमारी धीरे-धीरे बढ़ती रहती है और कई बार मरीज को तब तक इसका पता नहीं चलता, जब तक किडनी काफी प्रभावित नहीं हो जाती। प्रारंभिक चरण में दर्द या कोई विशेष परेशानी महसूस नहीं होती। किडनी की कार्यक्षमता धीरे-धीरे कम होती है, इसलिए शरीर तुरंत कोई बड़ा संकेत नहीं देता और मरीज सामान्य जीवन जीता रहता है। बीमारी बढ़ने पर लक्षण सामने आने लगते हैं। इनमें शरीर में सूजन, अत्यधिक थकान, पेशाब में झाग आना, भूख कम लगना और कमजोरी जैसे संकेत शामिल हैं। कई मामलों में मरीज को इन लक्षणों को सामान्य समझकर नजरअंदाज करने की भी आदत होती है। कई लोगों में किडनी की समस्या का पता नियमित स्वास्थ्य जांच के दौरान ही चलता है। पेशाब और खून की जांच में किडनी की कार्यक्षमता से जुड़े संकेत मिलने पर बीमारी का पता लगाया जाता है।

### वाया लखनऊ मुंबई पुणे के लिए विशेष ट्रेनें

**अमृत विचार, लखनऊ :** रेलवे प्रशासन ने पुणे और मुंबई से होली विशेष दो ट्रेनें शुरू की हैं। दोनों ट्रेनें लखनऊ होकर गुजरेंगे। 01415/01416 पुणे-गोरखपुर-पुणे विशेष ट्रेन पुणे चलाई गई है। ट्रेन संख्या 01415 पुणे 11 मार्च को सुबह 6.50 बजे रवाना हुई। ये ट्रेन 12 मार्च को सुबह 10.05 बजे लखनऊ पहुंचेगी। यहां से चलकर 16.00 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वापसी में 01416 गोरखपुर-पुणे ट्रेन 17.30 बजे गोरखपुर से चलकर लखनऊ पहुंचेगी। यहां से 22.35 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन 3.15 बजे पुणे पहुंचेगी। 01079/01080 मुंबई छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल-गोरखपुर-मुंबई छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल होली विशेष ट्रेन का संचालन मुंबई से 10 मार्च से 31 मार्च तथा गोरखपुर से 12 मार्च से 02 अप्रैल तक किया जाएगा। ट्रेन संख्या 01079 मुंबई से 22.30 बजे चलकर तीसरे दिन लखनऊ 04.15 बजे और गोरखपुर 10.00 बजे पहुंचेगी।

## सिटी ब्रीफ

### उधारी वापस मांगने पर युवक को पीटा

अमृत विचार, आलमबाग : कृष्णानगर इलाके में उधारी वापस मांगने पर दबंग पिता-पुत्रों ने युवक को बेरहमी से पीटा। गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। हरिओम नगर निवासी पुनीत त्रिपाठी ने बताया कि उन्होंने एक वर्ष पूर्व मानस नगर निवासी धर्मेंद्र सिंह को उधार में 40 हजार रुपये खाते में दिए थे। पीड़ित ने कई बार उधार वापस मांगा लेकिन धर्मेंद्र आनाकानी करता रहा। आरोप है कि सोमवार दोपहर धर्मेंद्र गैस डिलिवरी प्वाइंट पर पुनीत को मिल गए। तगादा करने पर धर्मेंद्र ने बेटों रुद्र सिंह व विभांशु सिंह के साथ मिलकर उसपर हमलावर हो गए। आरोपियों ने गाली-गलौज कर पीड़ित को बुरी तरह पीटा। पीड़ित ने कृष्णानगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

### देवर पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

अमृत विचार, आलमबाग : कृष्णानगर में दहेज के लिए पति व घरवालों प्रताड़ित किया। देवर ने छेड़छाड़ की। विवाहिता ने बताया कि वर्ष 2021 में उसका विवाह कृष्णानगर के अलीनगर सुनहरा में हुआ था। शादी में पिता ने अपने सामर्थ्य से बढ़कर रुपये, जेवर और घरेलू सामान दिए थे। इसके बाद भी पति और ससुराल वाले बुलेट बाइक व तीन लाख रुपये की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता ने बताया कि दो बेटे होने के बाद भी ससुरालवालों की प्रताड़ना नहीं रुकी। जुलाई 2025 में पति व ससुरालवालों ने विवाहिता को बच्चों समेत घर से निकाल दिया। धमकाया कि दो लाख रुपये लेकर ही आना। पीड़िता की शिकायत पर कृष्णानगर पुलिस ने दहेज प्रताड़ना, छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# तिलक समारोह से चार साल की मासूम अगवा, सक्रियता से टली बड़ी वारदात

## तीन किमी दूर राहगीरों ने संदिग्ध को पकड़कर पुलिस को सौंपा, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी सर्वेश रावत। अमृत विचार

- सीसीटीवी कैमरे में संदिग्ध संग जाते दिखी बच्ची
- पुलिस की टीमों ने चलाया सर्च ऑपरेशन

अमृत विचारः चिनहट पुलिस की सक्रियता और राहगीरों की सूझबूझ से सोमवार देर रात अयोध्या रोड पर चार साल की बच्ची के साथ एक बड़ी वारदात होने से बच गयी। देवा रोड स्थित लॉन में मामा के तिलक समारोह में परिवार संग आयी चार साल की बच्ची गायब हो गयी। तलाश के दौरान गेट के सीसीटीवी कैमरे में बच्ची एक संदिग्ध संग जाते दिखी। बिना देर किए पुलिस की तीन टीमें बनाकर अयोध्या रोड पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। करीब तीन घंटे बाद पुलिस और राहगीरों की सक्रियता से बच्ची को बरामद कर नशेबाज युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। बच्ची को सीने से लगाने के बाद माता-पिता ने चिनहट पुलिस व राहगीरों का आभार जताया।

बाराबंकी के रामस्नेही घाट स्थित निहाल पूरे गांव निवासी अनुराग यादव व्यवसायी हैं। 9 मार्च को वे पत्नी और चार साल की बेटी उन्नति यादव के साथ देवा रोड स्थित उमंग लॉन में साले के तिलक समारोह में शामिल होने के लिए आए थे। तिलक होने के बाद माता-पिता खाना खा रहे थे। इस बीच लॉन से उन्नति अचानक गायब हो गई। परिजन और रिश्तेदारों ने लॉन में सभी जगह बच्ची की खोजबीन की। कुछ पता न चलने पर घटना की जानकारी डॉयल-112 पर दी।

बच्ची के गायब होने की घटना को चिनहट पुलिस ने गंभीरता से लिया। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र ने आनन-फानन में पुलिस की दो टीमें बनायी। एक टीम ने लॉन में खोजबीन शुरू की तो दूसरी टीम सीसीटीवी कैमरे और वीडियोग्राफर के वीडियो की रिकार्डिंग चेक करने लगी। सीसीटीवी कैमरे में मासूम उन्नति 8:51 बजे गेट से निकलते दिखी। उसके आगे एक संदिग्ध व्यक्ति भी था। बच्ची उसी के साथ थी। परिवारवालों संग पुलिस ने तलाश शुरु की। पुलिस की दो टीमों को उस रूट पर भेजा गया, जिसपर बच्ची संदिग्ध संग जाते दिखी।

सड़क पर उतरी पुलिस लगातार रूट के सीसीटीवी कैमरे चेक करते हुए आगे बढ़ रही थी। इस बीच समारोह स्थल से करीब तीन किमी दूर उत्सव लॉन के पास कुछ लोगों ने युवक को संदिग्ध समझ पकड़ लिया। पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। खोजबीन में लगी चिनहट पुलिस बिना देर किए पीड़ित परिजन संग आनन फानन मौके पर पहुंची। वहां से मासूम उन्नति को बरामद कर आरोपी को पकड़ लिया गया।

इंस्पेक्टर ने बताया कि बच्ची को ले जा रहा व्यक्ति नशे में धुत था। वह कोई भी घटना उसके साथ कारित कर सकता था। बच्ची के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। आरोपी बाराबंकी के जैदपुर सेवकी का पुरवा का रहने वाला सर्वेश रावत है। आरोपी के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है।

### नशेड़ी के साथ बच्ची को देख राहगीरों को हुई शंका

- इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि घटना के समय सर्वेश नशे में था। वह बच्ची का हाथ पकड़े लहराते हुए चल रहा था। उत्सव लॉन के पास मासूम को साथ देख राहगीरों को शंका हुई। लोगों ने उसे रोककर पूछताछ की तो वह ठीक से अपने और बच्ची के बारे में बता नहीं पा रहा था। इस पर लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम पर घटना की जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची को बरामद कर लिया। पिता का कहना है कि अगर देर हो जाती तो शायद आरोपी उनकी बच्ची को कहीं बेच भी सकता था।


### इन बातों का ध्यान दें अभिभावक

- छोटे बच्चों पर हमेशा नजर रखें, खासकर भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर।
- बच्चों को हमेशा अपने साथ रखें, खासकर अनजान लोगों के आसपास।
- बच्चियों को अंजान लोगों से सावधान रहने के लिए समझाएं।
- बच्चियों को अपने फोन नंबर दें, ताकि वे जरूरत पड़ने पर आपका नंबर बता सकें।
- बच्चियों के साथ बाहर जाते समय सावधानी से जाएं, खासकर रात में।
- बच्चों से सुरक्षा के बारे में बात करें और उन्हें सिखाएं कि कैसे खुद को सुरक्षित रखना है।

# तीन ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोमतीनगर, हसनगंज और तालकटोरा इलाके की घटनाएं



अमृत विचारः गोमतीनगर में एलएलबी छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मौके पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। वहीं, हसनगंज में छात्र ने फंदा लगाकर जान दे दी। उधर, तालकटोरा इलाके में निजी कंपनी कर्मी ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजन ने बताया कि युवक डिप्रेशन का शिकार था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिए हैं।

विनीतखंड निवासी जय बहादुर सिंह हाईकोर्ट में अधिवक्ता हैं। परिवार में आवास विकास परिषद से रिटायर्ड पत्नी मीरा सिंह व बेटी ऐश्वर्या हैं। ऐश्वर्या मुंबई में नौकरी करती है। बेटा सुयश सिंह उर्फ आदित्य (24) एक निजी कॉलेज में एलएलबी तृतीय वर्ष का छात्र था। परिजन ने बताया कि सुयश मंगलवार की रात करीब 10 बजे घर से निकला था। करीब 20 मिनट बाद वह घर लौटा और अपने कमरे में चला गया। बुधवार सुबह जब मां मीरा सिंह उसे जगाने कमरे में गई तो पैरों तले जमीन खिसक गयी। भीतर सुयश फंदे से लटका हुआ मिला। बेटे को फंदे से लटका देखकर मां चीख पड़ी। शोर सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। परिजनों ने पड़ोसियों की मदद से सुयश को नीचे उतारकर अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची गोमतीनगर पुलिस ने कमरे में छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि परिजन ने कोई भी आरोप नहीं लगाया है।

वहीं, हसनगंज के डालीगंज निवासी प्रेमकुमार के मंझले बेटे छात्र पारस गौतम उर्फ शिवा (18) ने मंगलवार देर रात फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। बुधवार सुबह मां प्रीति कमरे में गई तो पारस को फंदे से लटका देख चीख पड़ी। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही हसनगंज पुलिस मौके पर पहुंची। इंस्पेक्टर चितवन कुमार ने बताया कि कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। न ही खुदकुशी की कोई वजह साफ हुई है।

उधर, तालकटोरा के राजाजीपुरम एफ-ब्लॉक निवासी हिमांशु पांडेय (30) प्राइवेट नौकरी करते थे। साढ़ू अंकुर चतुर्वेदी ने बताया कि मंगलवार को हिमांशु काम पर नहीं गया था। दोपहर में परिवार के सभी लोग एक साथ बैठे थे। शाम करीब चार के हिमांशु वहां से उठा और अपने कमरे में चला गया। शाम को जब पत्नी पलक चाय के लिए कमरे में बुलाने के लिए गई तो हिमांशु को रस्सी के फंदे से लटके हुए देखा। शोर सुनकर परिवार के लोग पहुंचे। परिजन ने हिमांशु को फंदे से नीचे उतारकर निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर कुलदीप उपाध्याय के मुताबिक साढ़ू अंकुर ने बताया कि हिमांशु काफी समय से अवसाद में थे। उनका इलाज भी चल रहा था। करीब एक साल पहले हिमांशु की शादी हुई थी।

### निजी कंपनी में सफाई के दौरान 30 फीट की ऊंचाई से गिरकर बुजुर्ग की मौत, मैनेजर पर लापरवाही का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : बाजारखाला इलाके में मंगलवार को निजी कंपनी में सफाई करते वक्त करीब तीस फुट की ऊंचाई से गिरकर एक बुजुर्ग की मौत हो गई। साथी कर्मचारियों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। करेहटा निवासी हनुमान प्रसाद कश्यप (72) बस का निर्माण करने वाली निजी कंपनी में मजदूरी करते थे। परिजन ने बताया कि हनुमान करीब 40 साल से उस कंपनी में काम कर रहे थे। रोजाना की तरह मंगलवार को कंपनी जाने के लिए घर से निकले थे। आरोप है कि कंपनी के मैनेजर ने उन्हें तीस फुट की ऊंचाई पर टीन शेड पर काम करने के लिए चढ़ा दिया। टीन शेड की सफाई करते वक्त संतुलन बिगड़ने पर हनुमान प्रसाद अचानक नीचे आ गिरे। तेज आवाज सुनकर काम कर रहे अन्य मजदूर मदद के लिए दौड़े। लहूलुहान हालत में हनुमान प्रसाद को साथियों ने पास के अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने हनुमान प्रसाद को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। बाजारखाला इंस्पेक्टर बृजेश सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। अगर तहरीर मिलती है तो मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# डिवाइडर से टकराकर कार में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



कार में लगी आग व राहत कार्य में जुटे दमकलकर्मी। अमृत विचार

अमृत विचारः विभूतिखंड स्थित पिकप ओवरब्रिज पर मंगलवार देर रात कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी। हादसे के बाद कार में आग लग गयी। आग लगने के बाद कार सवार उससे निकलकर बाहर भागे। कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की सूचना पर दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

गोमतीनगर एफएसओ ने बताया कि मंगलवार रात करीब पौने तीन बजे एक कार में आग लगने की सूचना मिली थी। कार में आग लगाने की जानकारी पर गोमतीनगर फायर स्टेशन की एक दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने राहत कार्य शुरू किया। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। हालांकि कार के आगे का हिस्सा काफी हद तक जल चुका था। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि कार डिवाइडर से टकराने के बाद उसमें आग लगी। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

# युवक पर हमला दो दर्जन लोगों पर रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊः सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में करीब दो दर्जन युवकों ने एक युवक पर हमला कर दिया। आरोपियों ने सिर पर कड़े से वार करने के साथ ही धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाने में की। बताया कि आरोपियों में दीपांशु श्रीवास्तव व योगेश गुप्ता भी शामिल थे। वारदात के बाद आरोपी एक गाड़ी में बैठकर भाग निकले। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# हाइवे पर स्कूटी और बाइक की भिड़ंत, युवती की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः हरदोई-लखनऊ रोड पर गढ़ी जिंदौर स्थित हाइवे ढाबे के पास स्कूटी और बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में स्कूटी सवार दो बहनों और बाइक सवार दो युवक घायल हुए। राहगीर दौड़े तो बाइक सवार वहां से भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों बहनों को अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान एक युवती की मौत हो गयी। जबकि दूसरी को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गयी।

माल थाना क्षेत्र के अहमदपुर निवासी पारुल (34) संडीला स्थित एक नमकीन फैक्ट्री में काम करती थी। वहीं पर उसकी चचेरी बहन सावित्री भी काम करती हैं। मंगलवार शाम दोनों बहनें किसी काम काम से स्कूटी से शेरनगर गांव गई थी। वहां से लौटते वक्त दोनों रहीमाबाद की तरफ आ रही थी। जैसे ही वह हाइवे ढाबे के पास पहुंची, तभी सामने से आ रही बेकाबू बाइक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार दोनों बहनों के साथ बाइक सवार दो युवक सड़क पर जा गिरे। हादसे के बाद बाइक सवार उठे और गाड़ी लेकर भाग निकले।

घटना देखकर ग्रामीण मदद के लिए दौड़े। ग्रामीणों ने डॉयल-112 पर सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों बहनों को गंभीर हालत में सीएचसी मलिहाबाद पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने पारुल की हालत गंभीर देखते हुए ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। जबकि सावित्री को इलाज के बाद छुट्टी दे दी। ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान देर रात पारुल की मौत हो गई। पारुल की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम पसर गया।

पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुनायक ने बताया कि मृतका के परिजन ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से बाइक सवारों के बारे में जानकारी की जा रही है।

### डिवाइडर से टकराई बाइक, दरोगा की मौत

अमृत विचार, लखनऊ : केजीएमयू के पास सोमवार रात डिवाइडर से टकरा कर घायल हुए कैसरबाग कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक शिवराम की इलाज के दौरा ट्रामा सेंटर में बुधवार को मौत हो गई। मूल रूप से महोबा निवासी उपनिरीक्षक शिवराम (59) ठाकुरगंज इलाके में किराए पर रहते थे। उनकी तैनाती कैसरबाग कोतवाली पर थी। सोमवार देर रात वे ड्यूटी पर बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में केजीएमयू के पास आगे चल रहे वाहन ने ब्रेक मारा। भिड़ने से बचने के लिए शिवराम ने बाइक पर ब्रेक लगाया। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी। हादसे में शिवराम गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने हादसे की सूचना डॉयल-112 पर दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। आनन-फानन में घायल दरोगा को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उनकी बुधवार को मौत हो गई।

# बाइक दिलाने का झांसा देकर एजेंट ने ठगे सवा दो लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः ठाकुरगंज स्थित क्रेसेंडो एजेंसी से जावा बाइक कम कीमत पर दिलाने का झांसा देकर एजेंट व प्रबंधक ने 2.23 लाख रुपये ऐंठ लिए।

दुबग्गा के बेगरिया निवासी मिर्जा शाहरूख बेग ने बताया कि वर्ष 2022 में मिर्जा शहंशाह जमाल बेग निवासी न्यू हैदराबाद महानगर से मुलाकात हुई। बातचीत के दौरान आरोपी ने खुद को ठाकुरगंज स्थित क्रेसेंडो एजेंसी जावा मोटरसाइकिल का एजेंट बताया और बाइक खरीदने का प्रस्ताव दिया।

बाइक पसंद आने पर एजेंट ने कीमत 2.23 लाख रुपये बतायी। पीड़ित एजेंसी के दिए गए खाते में रुपये भेजता रहा। कई दिन बीतने के बाद पीड़ित को जानकारी हुई कि एजेंट व एजेंसी के प्रबंधक ने बाइक अपने नाम से ले ली। धोखाधड़ी का एहसास होने पर पीड़ित मिर्जा शाहरूख बेग ने ठाकुरगंज थाने में सुनवायी नहीं होने पर पीड़ित ने कोर्ट में अर्जी दी। आदेश पर ठाकुरगंज पुलिस ने मिर्जा शहंशाह बेग व एजेंसी प्रबंधक के खिलाफ अमानत में खयानत, गाली-गलौज व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# दहेज के लिए गर्भवती को धक्का देकर घर से निकाला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़िता ने कृष्णानगर कोतवाली में पति समेत आठ पर दर्ज कराई रिपोर्ट



अमृत विचारः शादी के महज चंद दिन बाद से ही दिल्ली में पति व ससुरालवालों ने विवाहिता को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। मारपीट करते हुए कमरे में बंद कर भूखा प्यासा रखा गया। गर्भवती हालत में महिला थाने में शिकायत की। सुलह कर पति दिल्ली ले गया लेकिन प्रताड़ित करता रहा। गर्भवती हालत में पति ने घरवालों संग मिलकर उसे बाहर निकाल दिया। इंस्पेक्टर कृष्णानगर पीके सिंह ने बताया कि पति समेत आठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी गयी है।

आलमबाग के नटखेड़ा निवासी दीपा कोली की शादी 23 जनवरी 2025 को दिल्ली के बदरपुर गौतमपुरी के रहने वाले राहुल कोली से हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद से ही राहुल, उसकी बहनों चुम्मन, कोमल, चांदी, पप्पू, कुंवरलाल, वीरू व अजय कोली कम दहेज को लेकर ताने देने लगे। पीड़िता चुपचाप सहन करती रही। इसपर आरोपियों ने मारपीट व प्रताड़ित करना शुरु कर दिया। आरोप है कि कई दिनों तक कमरे में बंद कर भूखा-प्यासा रखा गया।

पीड़िता ने बताया कि वह छह माह की गर्भवती है। इसके बाद भी पति राहुल छोटी-छोटी बात पर उसे पीटते थे। घायल हालत में पीड़िता ने 21 मई को महिला थाना हजरतगंज में शिकायत दर्ज करायी। थाने पर सुलह समझौता करने के बाद राहुल उसे दोबारा दिल्ली ले गया। कुछ दिन बाद से ही उसका व्यवहार फिर से वैसा ही हो गया। रक्षाबंधन पर दीपा मायके आयी थी। 4 सितंबर को वह ससुराल पहुंची तो आरोपियों ने धक्का मारकर घर से बाहर निकाल दिया।

दिल्ली पुलिस के कंट्रोल रूम पर शिकायत करने के बाद पीड़िता किसी तरह लखनऊ पहुंची। उसके बाद पीड़िता ने कृष्णानगर कोतवाली में शिकायत की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति राहुल समेत आठ के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# पिस्टल लेकर आया बदमाश गिरफ्तार

संवाददाता, आलमबाग

अमृत विचारः लूट की बड़ी वारदात को अंजाम देने आए हत्यारोपी को कृष्णानगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से पुलिस ने 38 बोर की पिस्टल, दो मैग्जीन व चार कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी को असलहा बेचने वाले और उसके साथी की तलाश में पुलिस दबिशें दे रही है।

इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि आरोपी पिन्टू जोशी रायबरेली के डलमऊ स्थित ग्राम चौहट्टा छाना का रहने वाला है। आरोपी को स्काई हिल्टन तिराहे के पास से पकड़ा गया। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी पिस्टल लेकर घूमता है। रात में किसी वारदात को अंजाम देना वाला था। आरोपी ने कबूला कि उसने और साथी विक्रम निवासी गुरुबक्शगंज रायबरेली ने मिलकर आदर्श साहू निवासी बेलाकला गोसाईंगंज से 70 हजार में दो पिस्टल खरीदी थी। उसके बाद दोनों ने एक-एक पिस्टल अपने पास रख ली थी। आरोपी आदर्श पिस्टल की सप्लाई करता है।

इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी पिंटू के खिलाफ जिला फतेहपुर में धोखाधड़ी और डलमऊ थाने में अपहरण कर हत्या के दो मामले दर्ज हैं। पुलिस साथी विक्रम और असलहा सप्लायर आदर्श साहू की तलाश कर रही है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी पिंटू जोशी को जेल भेज दिया है।

**शर्मनाक** — लगातार अभद्र व अश्लील कॉल आने से पीड़ित बहनें परेशान

# दो बहनों को एस्कॉर्ट बताकर ट्रेन के टॉयलेट में चिपकाई पर्ची, लिखा रेट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इंस्टाग्राम व फेसबुक पर वायरल की गयी पर्ची
- पीड़िता ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचारः स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस के टॉयलेट में दो बहनों को एस्कॉर्ट सर्विस का बताते हुए नंबर लिखकर कागज पर चिपका दिया गया। लगातार अश्लील व अभद्र कॉल आने से झारखंड व सुशांत गोल्फ सिटी में रहने वाली दो बहनें परेशान हो गयीं। यही नहीं उसी पर्ची की फोटो खींचकर इंस्टाग्राम व फेसबुक पर भी वायरल किया गया। कॉल से पीड़िता अवसाद में है। मोबाइल ऑन करते ही व्हाट्सएप मैसेज व गंदी कॉल कर ब्लैकमेल किया जा रहा है। पीड़िता ने बुधवार को सुशांत गोल्फ सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

थाना क्षेत्र निवासी 50 वर्षीय महिला ने बताया कि 23 फरवरी को उनके नंबर पर अंजान नंबरों से कॉल आने लगी। फोन के पीछे मौजूद युवकों ने अभद्र व अश्लील बातें की। पीड़िता ने डपटा तो उन्हें बताया कि आपके नंबर के साथ दो और नंबर भी हैं। उक्त नंबर रांची से दिल्ली जा रही स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक युवक ने उन्हें दिया था। साथ ही ट्रेन के बाथरूम में भी इन नंबरों की पर्ची चिपका गंदी बातें करने के लिए प्रेरित किया है। अंजान ने ही कहा था कि उक्त नंबर एस्कॉर्ट का है, बात कर रेट पता कर लें।

यही नहीं बाथरूम का वही चित्र इंस्टाग्राम और फेसबुक आईडी पर भी शेयर किया गया है। लगातार कॉल व व्हाट्सएप मैसेज देख महिला के पैरों तले जमीन खिसक गयी। पीड़िता ने झारखंड में रहने वाली बहन को कॉल की तो उसने भी रोते हुए अंजान कॉल के बारे में बताया। पीड़िता ने इंस्टाग्राम आईडी चेक की तो ट्रेन के बाथरूम में चिपकी पर्ची दिखी। जिसमें 300 रुपये में गलत काम करने की बात लिखी थी। पीड़िता ने बताया कि दो नंबर उसके व बहन के हैं और तीसरा नंबर बहन सात-आठ साल पहले इस्तेमाल करती थी।

अभद्र कॉल व बदनामी के चलते दोनों बहनों ने अपने मोबाइल बंद कर लिए। पीड़िता ने बताया कि दूसरी छोटी बहन का पति से पारिवारिक विवाद चल रहा है। पति रांची में रहता है। आशंका है कि यह ओछी हरकत उसी ने की है। वह धमकाता है कि तुम तीनों बहनों को इतना बदनाम कर दूंगा कि समाज में मुंह भी नहीं दिखा पाओगी। छानबीन की तो पता चला कि बहन के पति ने उस दौरान रांची से दिल्ली का सफर किया था। पीड़िता का कहना है कि मोबाइल ऑन करते ही अभद्र कॉल आती हैं। ब्लैकमेल किया जा रहा है। धमकाया जाता है कि बात नहीं करोगी तो एआई से बनाकर वीडियो वायरल कर देंगे। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### आत्महत्या के अलावा नहीं है कोई रास्ता

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह और उसकी बहन इस कदर अवसाद में है कि आत्महत्या के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं दिख रहा है। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय ने पीड़िता को मदद का आश्वासन दिया है। पीड़िता ने पुलिस को करीब 14 मोबाइल नंबर और इंस्टाग्राम व फेसबुक आईडी की डिटेल दी है। पुलिस सर्विलांस व साइबर सेल की मदद से पड़ताल कर रही है।

# शादी का झांसा देकर किया शारीरिक शोषण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- धर्म परिवर्तन का दबाव, इंकार पर बेरहमी से पीटा, हुआ गर्भपात

अमृत विचारः तालकटोरा थाने में 23 वर्षीय युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपी ने हिंदू धर्म अपनाने की बात कहकर निकाह किया। उसके बाद युवती पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने लगा। विरोध पर पीटा, जिससे गर्भपात हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर कुलदीप उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

मूल रूप से बिहार के गोपालगंज निवासी युवती करीब तीन साल से परिवार संग आलमनगर स्थित अशोक विहार में रहती है। पीड़िता ने बताया कि उसकी दोस्ती कश्मीरी बाग पक्का बाग निवासी फरदीन खान से हो गई थी। फरदीन ने उसे अपने प्रेमजाल में फंसाकर शादी का दबाव बनाया। 20 अक्टूबर 2024 को यह कहकर शादी किया कि शादी के बाद वह हिंदू धर्म अपना लेगा और हिंदू रीति-रिवाज से भी शादी करेगा।

पीड़िता का आरोप है कि निकाहनामा पर उससे फर्जी तरीके से हस्ताक्षर भी करवा लिए गए। निकाह के बाद आरोपी उसे अपने घर ले जाने के बजाय पास में किराए के मकान में रखा और बार-बार कलमा पढ़कर मुस्लिम रीति-रिवाज से रहने का दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर आरोपी उसके साथ मारपीट करता था। करीब तीन माह की गर्भवती होने पर पीड़िता ने फरदीन से धर्म परिवर्तन के वादे को लेकर सवाल किया तो उसने पेट पर लात मार दी। जिससे उसका गर्भपात हो गया।

इसके बाद आरोपी उसे उसी हालत में छोड़ दिया। पीड़िता ने धोखा देकर शादी करने की बात कही तो आरोपी ने धमकाया कि कहीं शिकायत की तो तुम्हें बेच दूंगा। आरोपी पिछले एक साल से उसका मानसिक और शारीरिक शोषण कर रहा। पीड़िता ने किसी तरह हिम्मत कर आरोपी के खिलाफ तालकटोरा थाने में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी फरदीन खान के खिलाफ धर्म परिवर्तन, मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# नफरत के अंबार लगे हैं जातिवाद के डेरों में....

## पांडेयगंज व्यापार मंडल के होली मिलन में हुआ कवि सम्मेलन, कवि प्रताप फौजदार को दिया गया भामाशाह सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पाण्डेयगंज गल्ला मंडी में हुए होली मिलन समारोह में आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों ने हास्य, ओज और श्रंगार की कविताएं पढ़ीं। वेद व्रत वाजपेयी ने नफरत के अम्बार लगे हैं जातिवाद के डेरों में, लेकिन अपनी शक्ति छिपी है मां शबरी के बेरों में, दुनिया चाहे कुछ भी कर ले सारा गरल पचा लेंगे, नीलकंठ बन अमर शहीदों वाला देश बचा लेंगे कविता से हालिया घटनाक्रम को इंगित किया। कवि प्रताप फौजदार को भामाशाह सम्मान और समाज सेवा के लिए गोपेश्वर गोशाला सभा, हरिओम सेवा केन्द्र एवं अमरनाथ सेवा संस्थान को सम्मानित किया गया।

शैलजा सिंह ने ' हो गई दुनिया इक बाजार खरीदो बेचो कुछ भी यार ज़माना कैसा है, सब कुछ पैसा है दौलत से दिलदार खरीदो चाहे बिकाऊ प्यार खरीदो, लोभ स्वार्थ की ये मंडी है चाहे जो सरकार खरीदो, ईमानों का भी होता है खुल कर कारोबार ज़माना कैसा है कि सब कुछ पैसा है' कविता पढ़ी। मनु व्रत वाजपेयी ने हिम शिखर गल कर पावन नीर बनता है, आग में तप कर लोहा तीर बनता है, जब कोई युवराज चौदह वर्ष लड़ता है, तब कहीं वो वीर से रघुवीर बनता है कविता सुनाई। माशाह पुरस्कार से सम्मानित प्रताप फौजदार ने वफ़ा ईमान की बातें किताबों में ही मिलती हैं, भरोसा रोज मिलता है भरोसा रोज डसता है, जमीं वो अन्न पैदा कर वफ़ा जो खून में बोले, भगतसिंह जैसे बेटों को वतन अब भी तरसता है कविता पढ़ी। राजस्थान से आए डॉ. कैलाश मंडेला की आपरेशन सिन्दूर पर, खड़ा हो शेर जब सम्मुख नहीं लंगूर की कीमत, न अंधा आंक सकता है कभी भी हूर की कीमत, पड़े जब लात दुश्मन पर करे तब शूर की कीमत, समझ में आ गई अब पाक को सिंदूर की कीमत कविता से पूरा पंडाल तालियों से गड़गड़ा उठा। जयपुर से आए अशोक चरण ने, इस कारण ही काई फैली है खाड़ी के पानी में, हमने शायद गलती की सरहद की निगरानी में, चारागाह समझ के आए और मवेशी फैल गए, भारत के कोने कोने में बंगलादेशी फैल गए कविता से घुसपैठ की समस्या उठाई। विपुल विद्रोही ने, राजनीति का खेल बड़ा विचित्र है., सांप नेवले का मित्र है, कल रात ही एक मामला बड़ा खास हुआ है, सियारों की राजसभा में शेर के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पास हुआ है, कविता से राजनीति पर व्यंग्य किया। कानपुर के हेमंत पाण्डेय ने, एक फूल तुझे देने के लिए सस्ते में ले लिया, देखे न कोई इसलिए बस्ते में ले लिया, फूल तुझे देने को निकले थे जानेमन, पर बजरंग दल वालों ने उसे रस्ते में ले लिया कविता से गुदगुदाया।

- गोपेश्वर गोशाला सभा, हरिओम सेवा केन्द्र और अमरनाथ सेवा संस्थान को भी किया सम्मानित

### उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक रहे मुख्य अतिथि

राजेन्द्र अग्रवाल की अध्यक्षता में हुए समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, विधायक डॉ. नीरज बोरा, फिक्की के चेयरमैन नीरज सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा, ओम शंकर मिश्रा, मीडिया प्रभारी संदीप मिश्रा, महामंत्री राजकुमार अग्रवाल, रमाशंकर शुक्ला, दीपक अग्रवाल, श्रवण मिश्रा, मनोज अग्रवाल, अजय गुप्ता, पियूष मिश्रा, पंकज मिश्रा, संदीप अग्रवाल मौजूद रहे।


पांडेयगंज गल्ला मंडी के होली मिलन समारोह में कविता पाठ करतीं कवियत्री शिवांगी प्रेरणा और मंच पर अन्य कवि व कवियत्री के साथ महापौर सुषमा खर्कवाल।

### इस दौर में सीता को बचाना नहीं आसां, रावण को हराने के लिए राम नहीं है

होली मिलन के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के निराला सभागार में सरदार पटेल सामाजिक, साहित्यिक उत्थान संगठन ने कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया। शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष युवा राष्ट्रीय लोकदल रविंदर सिंह पटेल एवं विशेष आमंत्रित अतिथि शांति सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष नीलम गंगवार ने किया । बरेली से आईं गजलकार पूनम गंगवार ने वाणी वंदना प्रस्तुत की। इलाहाबाद के हास्य कवि डीसी पांडे की अध्यक्षता में हुए कवि सम्मेलन का संचालन बाराबंकी से आये हास्य कवि अजय प्रधान ने किया। कवियों को तहसील पत्रकार एसोसिएशन बीसलपुर के अध्यक्ष पातीराम गंगवार ने अंग वस्त्र और बैच लगाकर सम्मानित किया। डॉ. अलका अस्थाना अमृत मयी ने होली पर कविता प्रस्तुत की :- कान्हा रंगि न डारो हमि पे, हार गयो कान्हा रे। हास्य व्यंग कवि चेतराम अज्ञानी ने सुनाया :- हास्य व्यंग्य मैं लिखता हूं ये मेरी मजबूरी है, स्वास्थ्य सही चाहो तो हंसना बहुत जरूरी है।डॉ. सरिता सदाबहार ने की कविता ने खूब वाह वाही लूटी :- सरिता कभी दर्द बोना नहीं जानती, तभी किसी को डुबोना नहीं जानती, गहराई दर्द और रुसवाई माप ली, वक्त की राहों को खोना नहीं जानती। पूनम गंगवार ने कहा :- इस दौर में सीता को बचाना नहीं आसां, रावण को हराने के लिए राम नहीं है। हास्य कवि अजय प्रधान ने पढ़ा :- एसी, पंखे, कूलर हों पर नीम की छांव जरूरी है, शहर में कितनी सुविधाएं हों, लेकिन गांव जरूरी है, पूजा करो, नमाज पढ़ो, गुरुद्वारे, चर्च में जाओ पर, जब भी घर से निकलो छूना मां के पांव जरूरी हैं।

## जोन-3 में एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं

**अमृत विचार, लखनऊः** नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बुधवार को अलीगंज सेक्टर बी में नगर निगम के अर्बन फैसिलिटेशन सेंटर एवं जोन-3 के कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त इस कार्यालय में गृहकर, नामांतरण, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र सहित अन्य सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिलेंगी। मंत्री ने बताया के भविष्य में प्रदेश के अन्य शहरों में इसी तरह के हाईटेक जोनल कार्यालय विकसित किए जाएंगे।13.11 करोड़ रुपये से बने इस तीन मंजिला भवन में भूतल पर सीनियर सिटीजन कम्युनिटी एंड रिक्रिएशनल सेंटर बनाया गया है। यहां मनोरंजन एवं गतिविधि कक्ष, जिम एवं योग कक्ष, लगभग 800 पुस्तकों से सुसज्जित पुस्तकालय, वित्तीय एवं कानूनी परामर्श कक्ष तथा कैफेटेरिया की सुविधा उपलब्ध है। प्रथम तल पर जोनल अभियंत्रण कार्यालय में 16 पटल काउंटर हैं। यहां गृहकर, अभियंत्रण, जलकल, मार्ग प्रकाश, संपत्ति विभाग, उद्यान विभाग, जन्म–मृत्यु प्रमाणपत्र, नामांतरण, प्रचार एवं अतिक्रमण से संबंधित कार्यालय हैं। महापौर सुषमा खर्कवाल विधायक डॉ. नीरज बोरा, नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, मुख्य अभियंता महेश वर्मा, जोनल अधिकारी और जेडएसओ व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### 22 को होगा जलोटा और सुरभि का सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ:** हुनर क्रिएशन एण्ड क्राफ्ट एसोसिएशन की ओर से 22 मार्च को आर्मी खेल परिसर की ओर से लगने वाले अवध मेले में पद्मश्री अनूप जलोटा और सुरभि रंजन नौशाद को सम्मानित किया जाएगा। जलोटा भजन भी सुनाएंगे। इस दौरान युवा फनकार समीर–दीपाली, समरजीत रंधावा, शीर्षा रक्षित, सृष्टि मुखर्जी और बिसरूप बनर्जी व दीपांशी यादव ड्रमर तन्मय मुखर्जी कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। पर्यटन विभाग व उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के सहयोग से सैनिकों के लिए आयोजन किया जा रहा है। सेंट्रल कमांड के तहत सभी रेजिमेंट को परिवारों के इसमें आमंत्रित किया गया है। रेजिमेंट अपने खाने के स्टॉल लगाएंगे। कार्यक्रम में 5000 लोगों के बैठने की क्षमता बनाई जाएगी।

### राष्ट्रीय कुली मोर्चा ने की बैठक

**अमृत विचार, लखनऊ:** राष्ट्रीय कुली मोर्चा के प्रतिनिधियों ने बुधवार को वर्चुअल बैठक गूगल मीट से बैठक की।इसमें स्टेशनों पर कार्यरत कुलियों की बिगड़ती आजीविका और उनके भविष्य से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के संयोजक राम सुरेश यादव ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 16 मार्च 2026 को सुबह 10 बजे से पूरे देश में अभियान चलाकर प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। बैठक में अनिल सावले, राहुल कुमार, राजकपूर, अरविंद, संजय यादव, सुरेंद्र यादव, अरुण कुमार, कलीम मकरानी, रमेश ठाकुर, जितेंद्र डांगी, चंद्रेश्वर मुखिया, धर्मवीर, रामबाबू भिलाला, राम महावार, राजू टेकम और राम जनम सहित कई प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### कांग्रेस कार्यालय के सामने हटाए अतिक्रमण

**अमृत विचार, लखनऊ:** नगर निगम की टीम ने बुधवार को माल एवेन्यू स्थित कांग्रेस कार्यालय के बाहर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। टीम ने चौराहे के आस–पास दुकानदारों द्वारा किए गए अस्थाई अतिक्रमण हटा दिए। अवैध तरीके से चौराहे से लगीं दुकानों से यहां जाम लग रहा था। पास में ही स्कूल की छुट्टी के समय स्थिति और खराब हो जाती है। चौराहे पर दुकानदारों द्वारा किये गए अतिक्रमण की नगर निगम से शिकायत की गई थी।

### पुराने पेंशनर्स करेंगे आंदोलन

**अमृत विचार, लखनऊ:** भारत सरकार और केंद्रीय 8वें वेतन आयोग द्वारा पुराने पेंशनर्स के हितों की अनदेखी के चलते पेंशनर्स संगठनों ने प्रदेशव्यापी आंदोलन का ऐलान किया है। संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बीएल कुशवाहा और महामंत्री ओपी त्रिपाठी ने बताया कि 20 मार्च से हस्ताक्षर अभियान शुरू किया जाएगा। 21 अप्रैल को प्रदेश के सभी जनपदों में धरना–प्रदर्शन, सभाएं करके स्थानीय प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ यादव ने सभी जनपद शाखाओं को परिपत्र और याचिका का प्रारूप भेजते हुए आंदोलन को पूरी ताकत से सफल बनाने के निर्देश दिए हैं।

### स्टेशन पर दिखाई जा रही फिल्मों की क्लिप

**अमृत विचार, लखनऊ:** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल की ओर से लखनऊ जंक्शन रेलवे स्टेशन के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में यात्रियों के लिए एक नई पहल की गई है। स्टेशन के कॉनकोर्स एरिया में एक बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई है, जिस पर रेलवे परिसर और ट्रेनों में शूट की गई फिल्मों और वेब सीरीज के क्लिप दिखाए जा रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार फिल्मों में वर्ष 2017 से 2025 तक बरेली की बर्फी, फैमिली ऑफ ठाकुरगंज, जबरिया जोड़ी आदि की शूटिंग हुई है।


आशियाना स्थित स्मृति उपवन में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और अन्य लोग।

# स्वामी अवुमुक्तेश्वरानन्द ने किया गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध अभियान का शंखनाद

## बोले, गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगवाना हमारी प्राथमिकता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** तीन दिवसीय गो प्रतिष्ठा जनजागरण अभियान के तहत लखनऊ पहुंचे स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती ने कांशीराम स्मृति सांस्कृतिक उपवन में गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध अभियान का शंखनाद किया। स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द ने कहा कि गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाना उनके अभियान का मुख्य उद्देश्य है। देश भर में गो हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए यही उनकी प्राथमिकता है। इस आयोजन के लिए जिला प्रशासन ने 26 शर्तों के साथ अनुमति दी थी।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य सिर्फ गो माता की रक्षा के लिए होने वाले आंदोलन का शंखनाद है, वह न तो किसी राजनीतिक दल के समर्थन में आए हैं और न किसी के विरोध में। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने गोमाता को पशुओं की सूची में डाल दिया था, कई सरकारें आईं लेकिन किसी ने भी गौ हत्या रोकने का वादा नहीं निभाया। हमने तो गोमाता की रक्षा के लिए भगवा सरकार को वोट दिया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा कि जब गद्दी पर गेरुआधारी योगी बैठा तो हमें लगा कि अब गोमाता की रक्षा होगी लेकिन गेरुआ राज में सनातन धर्म के प्रतीकों पर प्रहार हो रहा है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और समाजवादी पार्टी के विधायक रविदास मेहरोत्रा इस कार्यक्रम में शिरकत के लिए पहुंचे।


मंच से शंखनाद करते स्वामी अवुमुक्तेश्वरानन्द व अन्य संत।

# शीतला अष्टमी पर लगाया बसौड़ा का भोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** शीतला अष्टमी के अवसर पर शहर के मंदिरों में बुधवार भोर से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। टिकैतगंज स्थित प्रसिद्ध शीतला माता मंदिर समेत आलम नगर दुर्गा देवी मंदिर और हसनगंज बावली मसानी देवी मंदिर में महिलाओं ने व्रत रखकर माता की पूजा-अर्चना की और बसौड़ा (बासी भोजन) का भोग लगाया।

सुबह से ही महिलाएं पूड़ी, पूआ, दाल-भात, मिठाई और सब्जी लेकर मंदिर पहुंचीं और माता शीतला को अर्पित किया। मंदिर परिसर को पुष्पों और आकर्षक सजावट से भव्य रूप दिया गया था। बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर के कपाट रात से ही खोल दिए गए थे, जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन में सुविधा मिल सके। प्रशासन की ओर से भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष इंतजाम किए गए और पुलिसकर्मी तैनात रहे। टिकैतगंज के प्राचीन मंदिर में माता शीतला सात देवियों के साथ पिंडी रूप में विराजमान हैं, जहां श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। शीतला अष्टमी के अवसर पर यहां 'आठों मेला' लगा। जहां रोजमर्रा के सामान, घरेलू वस्तुओं, बच्चों के खिलौनों और फास्ट फूड की दुकानों की कतारें सज रहीं।


शीतला माता मंदिर परिसर में देवी मां को भोग लगातीं महिलाएं। अमृत विचार

## तीर्थंकर आदिनाथ का जन्म कल्याणक आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ का भारत गौरव दिव्यशक्ति गणिनी प्रमुख ज्ञानमती माता की प्रेरणा से जन्म कल्याणक महोत्सव 12 मार्च को विविध आयोजनों के साथ लखनऊ के सभी जैन मंदिरों में मनाया जाएगा। मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ जैन और पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति डालीगंज के महामंत्री रीतेश जैन ने बताया कि डालीगंज में कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल मंदिर के मूलनायक पार्श्वनाथ के अभिषेक के साथ होगा नवग्रह शांति जैन मंदिर में प्रातः 8:00 बजे से आदिनाथ का पंचामृत अभिषेक व शांतिधारा का कार्यक्रम होगा। इसी क्रम में एक भव्य पालकी यात्रा गाजे-बाजे के साथ डालीगंज बाजार में निकाली जाएगी। कार्यक्रम की समाप्ति पर अमरचंद जैन परिवार की ओर से वात्सल्य भोज का भी आयोजन होगा।

## सिटी डायरी


गो प्रतिष्ठा आंदोलन के समर्थन में एकत्रित महिलाएं।

### गो प्रतिष्ठा आंदोलन के समर्थन में जुटीं महिलाएं

**अमृत विचार, लखनऊ:** फैजुल्लागंज क्षेत्र में बुधवार को गो प्रतिष्ठा आंदोलन के समर्थन में जुटी महिलाओं ने गोमाता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग उठाई। ममता त्रिपाठी ने कि गौ, गंगा और गायत्री भारतीय संस्कृति के मूल आधार हैं। उनका मानना है कि जिस दिन भारत गो–बध मुक्त राष्ट्र बनेगा, उसी दिन देश पुनः विश्व गुरु के स्वरूप को प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा में कर्मों के आधार पर न्याय में विश्वास किया जाता है और प्रत्येक व्यक्ति को गौ रक्षा के लिए अपनी भूमिका निभानी चाहिए। अखिलेश अवस्थी ने कहा कि राजस्व अभिलेखों में प्रत्येक गांव में गोचर भूमि दर्ज है, लेकिन आज अधिकांश स्थानों पर इन भूमियों पर अतिक्रमण हो चुका है। इसके कारण गायों को सड़कों और बाजारों में भटकना पड़ रहा है और वे प्लास्टिक खाने को मजबूर हो रही हैं।


मौलाना का पुतला जलाते लोग।

### मौलाना का पुतला जलाया

**अमृत विचार, लखनऊ:** पार्षद स्वदेश सिंह की अगुवाई में बुधवार को लोगों ने हजरतगंज चौराहे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां पर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले मौलाना अब्दुल्ला सालिम के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसके बाद मौलाना का पुतला भी जलाया। प्रदर्शनकारियों ने मौलाना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग की। स्वदेश सिंह ने कहा कि यह सिर्फ मुख्यमंत्री की मां का नहीं बल्कि पूरे देश की माताओं का अपमान है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एक संत भी हैं, इसलिए उनके परिवार का सम्मान और अधिक बढ़ जाता है। ऐसे संत की मां के बारे में अपमानजनक टिप्पणी देश बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि पुतला दहन मौलाना के लिए संदेश है कि वे अपनी टिप्पणी पर माफी मांगे।


समारोह में शामिल कुलपति व अन्य।

### केजीएमयू में हुआ होली मिलन

**अमृत विचार, लखनऊ:** केजीएमयू के कर्मचारी परिषद की ओर से विश्वविद्यालय परिसर स्थित सरस्वती मंदिर लॉन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।कर्मचारियों ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम, भाईचारे तथा सौहार्द का संदेश दिया। मुख्य अतिथि कुलपति सोनिया नित्यानंद रहीं। वित्त अधिकारी संतोष शर्मा, लेखा अधिकारी अमित सिंह, राज्य कर्मचारी परिषद के महामंत्री अतुल मिश्रा, परिषद के अध्यक्ष विकास सिंह और महामंत्री अनिल कुमार सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए।


होली मिलन समारोह में गीतों पर झूमतीं महिलाएं।

### होली मिलन में झूमीं महिलाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** अवध लेडीज क्लब के ऑडिटोरियम में बुधवार को होली मिलन होली समारोह का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं ने फूलों और गुलाल लगाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं। इसके बाद फागुन के गीत गाए और जमकर नृत्य किया।इस अवसर पर महिलाओं ने मिठाई और गुझिया का भी आनंद लिया। आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

नाटक

तुषार बाजपेयी के निर्देशन में किया गया द प्रपोजल का मंचन

# द प्रपोजल में दिखाया रिश्ते बनाए रखने को गुस्से पर नियंत्रण जरूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** गोमतीनगर के बौद्ध शोध संस्थान में बुधवार को तुषार बाजपेयी के निर्देशन में रूसी नाटककार एंतोन चेखव की नाट्य रचना द प्रपोजल का मंचन किया गया। रिपेट्री ग्रांट से नाट्य संस्था आकांक्षा थियेटर आर्ट्स ने इसका आयोजन किया।

पूर्व मुख्य अतिथि कर्नल संजय श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम शुरू किया। नाटक द प्रपोजल में यह बताया गया कि कैसे गुस्सा और बहस किसी रिश्ते को आसानी से बर्बाद कर सकता है। अच्छे रिश्ते को बनाए रखने के लिए गुस्से पर नियंत्रण रखना जरूरी है। मूर्खता पूर्ण या छोटी-छोटी बातों पर बहस करना बेहद हानिकारक और समय की बर्बादी है। यदि कोई गलती करता है, तो क्रोधित होने और उस व्यक्ति के साथ अन्तहीन बहस करने के बजाए उसे माफ करने और भूलने के लिये तैयार रहना चाहिए। द प्रपोजल एक ऐसा नाटक है जो सामान्य सी लगने वाली स्थिति एक विवाह प्रस्ताव को लेता है और इसे एंतोन चेखव ने बेतुकेपन और अंतर्दृष्टि के हस्ताक्षर के मिश्रण से भर देता है। 20वीं सदी के अंत में ग्रामीण रूस में स्थापित यह नाटक एक एकल, गहन अभिनय में सामने आता है, जो एक छोटी सी सम्पत्ति की सीमा के भीतर इसके पात्रों की विचित्रताओं और कमजोरियों का एक स्नैपशॉर्ट पेश करता है। नाटक में मुख्य पात्र इवान लोमाव की भूमिका में नाट्य निर्देशक तुषार वाजपेयी तथा नतालिया की भूमिका में तृप्ति सिंह तथा स्टीफन चुबुकोव की भूमिका में अभिषेक सिंह ने अपने सस्क्त अभिनय से दर्शकों को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। संस्था के अध्यक्ष बीएन ओझा, संरक्षक आलोक कुमार पाण्डे और सचिव अचला बोस भी रहे।

### आयलैंड ऑफ ड्रीम्स में दिखाया शासक, प्रेमी सत्ता और विद्रोह

**अमृत विचार, लखनऊ:** भारतेन्दु नाट्य अकादमी के चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों ने बुधवार को शुभदीप राहा के निर्देशक में नाटक आयलैण्ड ऑफ ड्रीम्स का मंचन संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में किया। शेक्सपियर के नाटक मिड समर नाइट ड्रीम्स पर आधारित इस नाटक में शासक और प्रेमी सत्ता और विद्रोह साथ उभरते हैं। प्रेमी उन अदृश्य बंधनों से भागते हैं और स्वयं के लिए एक स्वप्नद्वीप बनाते हुए आगे बढ़ते हैं। जब प्रेम को व्यवस्था और आत्म- नियंत्रण से मुक्त कर दिया जाता है, जब इच्छा को खुला छोड़ दिया जाता है और जादू चुपचाप हस्तक्षेप करता है तब क्या होता है यह नाटक का मुख्य कथ्य है।नाटक के दृश्य सपनों की काल्पनिक और यथार्थ के कटु अनुभवों के बीच सामंजस्य को रेखांकित करती है। कैसे समाज में पहचान धुंधली होने लगती है नियंत्रण हाथ बदल लेता है, और निश्चिंतताएं निरंतर बिखरने लगती हैं। नाटक नियंत्रण, स्वतंत्रता, प्रेम और भावनाओं की नाजुक संरचना को गतिमान बनाता है, और हास्य रस से प्रेरित होता है। विलियम शेक्सपियर को मानवीय संवेदनाओं, स्थितियों की गहरी समझ थी। निर्देशन में डिवाईसिंग प्रक्रिया का प्रयोग शुभदीप राहा ने बखूबी किया है। इस प्रक्रिया में छात्रों ने मंच–सज्जा, मंच सामग्री, परिधान, मंच परिकल्पना खूबसूरती से की।


संग गाडगे प्रेक्षागृह मे आयलैंड ऑफ ड्रीम्स नाटक का मंचन करते कलाकार।

## सिटी ब्रीफ

### जरूरतमंदों को छात्रों ने बांटे कपड़े

अमृत विचार, लखनऊ : नेशनल पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का प्रारंभ मोतीलाल मेमोरियल सोसायटी के ग्राउंड में हुआ। आर्ट ऑफ लिविंग के ट्रेनर तथा असिस्टेंट प्रोफेसर रसायन विज्ञान डॉ. ऋतुराज मिश्रा ने छात्रों को ध्यान और श्वास-प्रश्वास अभ्यास कराया और उसे नित्य जीवन में करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अर्चना सिंह ने टीम गोमती के साथ मिलकर गोमती रिवरफ्रंट के मलिन बस्ती में जरूरतमंद लोगों को कपड़े वितरित किए।

### आरटीई के तहत 3582 छात्रों का चयन

अमृत विचार, लखनऊ : आरटीई के तहत निजी स्कूलों में निःशुल्क दाखिले के दूसरे चरण की लॉटरी में 3582 छात्रों का चयन हुआ है। दूसरे चरण में छह हजार से अधिक अभिभावकों ने आवेदन किया था। आवेदन की जांच में 3582 सही पाए गए। एक व दो रोज बाद बीएसए चयनित छात्रों के स्कूलों का आवंटन पत्र जारी करेंगे। इसके बाद अभिभावक स्कूलों में जाकर बच्चों के दाखिले ले सकेंगे। पहले चरण की लॉटरी में 12 हजार से अधिक बच्चों का चयन हुआ था। इनके दाखिले की प्रक्रिया चल रही है। तीसरे चरण के आवेदन आज से लिये जाएंगे।

### रूरल साइंस कांग्रेस 2026 का समापन

अमृत विचार, लखनऊ : बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में ' 'विज्ञान, प्रौद्योगिकी और प्रबंधन के माध्यम से सतत ग्रामीण परिवर्तन पर आयोजित रूरल साइंस कांग्रेस-2026 का समापन हुआ। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम प्रबंध अध्ययन विभाग, बीबीएयू एवं प्रो. एचएस श्रीवास्तव फाउंडेशन फॉर साइंस एंड सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। समापन सत्र के दौरान मुख्य अतिथि मिडवेस्ट विश्वविद्यालय नेपाल के प्रो. दीप बहादुर रावल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि डॉ. अलका सिंह, प्रो. एचएस श्रीवास्तव फॉर साइंस एंड सोसाइटी के प्रो. राणा प्रताप सिंह, प्रबंध अध्ययन विभाग, बीबीएयू के विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. अमित कुमार सिंह एवं डॉ. रमेश कुमार चतुर्वेदी उपस्थित रहे।


डीएवी डिग्री कालेज के वार्षिकोत्सव में रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती छात्राएं। अमृत विचार


अपनी रंगोली को अंतिम रूप देती प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी। अमृत विचार

### आज निकलेगी लविवि में प्रतीकात्मक दांडी यात्रा

अमृत विचार, लखनऊ : राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदी बेन के मार्गदर्शन में लखनऊ विश्वविद्यायल में आज प्रतीकात्मक दांडी यात्रा का आयोजन किया गया है। यह यात्रा विश्वविद्यालय में सुबह 9.45 बजे आरंभ होगी जो टैगोर पुस्तकालय में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद मालवीय सभागार के लिए प्रस्थान करेगी। यह यात्रा जनभवन से चलकर विश्वविद्यालय के विवेकानंद द्वार से प्रवेश करेगी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा काव्य पाठ व विविध आयोजन किए जाएंगे।

# अभिव्यक्ति 2026 में दिखे विकसित भारत के विविध रंग

## डीएवी डिग्री कॉलेज में हो रहा तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन

- आज पुरस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम का होगा समापन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: दयानंद एंग्लो वैदिक डिग्री कॉलेज (डीएवी) में तीन दिवसीय चल रहे वार्षिकोत्सव अभिव्यक्ति-2026 के दूसरे दिन छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों में विकसित भारत के विविध रंगों की छटा देखने को मिली। अभिव्यक्ति 2026 के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनमें तत्क्षणवाक, प्रश्नोत्तरी, नुक्कड़ नाटक, रंगोली, और रील मेकिंग शामिल थी। इसके अलावा पर्यावरण की चिंता, कैसा होगा विकसित भारत छात्रों की उत्कृष्ट प्रस्तुति रही। नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में कुल 6 टीमों ने प्रतिभाग किया, जिनमें लखनऊ विश्वविद्यालय, श्री जेएनएमपीजी कॉलेज, बीएसएनवी कॉलेज व डीएवी की तीन टीमों ने भाग लिया।


वार्षिकोत्सव में लविवि की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक विकसित भारत के विभिन्न रंग का एक दृश्य। अमृत विचार

लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम ने "विकसित भारत के विविध रंग", श्रीजेएनएमपीजी कॉलेज की टीम ने "नशा मुक्ति", बीएसएनवी कॉलेज की टीम ने "बचपन की चोरी" और डीएवी डिग्री कॉलेज की टीम ने "वर्तमान युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रभाव" जैसे समसामयिक विषयों पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। रंगोली प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें "पर्यावरण संरक्षण विषय पर आकर्षक और संदेशात्मक रंगोलियां बनाई गईं। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा तत्क्षणवाक प्रतियोगिता में भी विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग करते हुए अपनी ज्ञान क्षमता और अभिव्यक्ति कौशल का प्रदर्शन किया। रील मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन पं भृगुदत्त तिवारी ऑडिटोरियम में किया गया, जिसका विषय "होली के विविध रंग" था। इस प्रतियोगिता में लगभग 7 महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लेकर रचनात्मक और आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।

# यातायात नियमों का पालन कर कम हो सकती है सड़क हादसों की मृत्युदर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली छात्राएं और वक्तागण। अमृत विचार

- नवयुग कन्या महाविद्यालय के एनएसएस शिविर में कौशल विकास व सड़क सुरक्षा पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम

अमृत विचार : नवयुग कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिवस का आयोजन बुधवार को ऐशबाग स्थित रामलीला मैदान में प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

सड़क सुरक्षा के नियम विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें यातायात प्रशिक्षण पार्क, लखनऊ के सेफ्टी मैनेजर पंकज शर्मा ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली अधिकांश मौतों को केवल यातायात नियमों के पालन से रोका जा सकता है। उन्होंने ड्राइविंग लाइसेंस (लर्निंग, विद गियर और विदाउट गियर) की आयु सीमा और इसे बनवाने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी। साथ ही सड़क संकेतों के तीन प्रमुख प्रकार, मैंडेटरी (सर्कल), वार्निंग (ट्रायंगल) और इंफॉर्मेटरी (रेक्टेंगल) के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने चार वर्ष से अधिक आयु के बच्चों के लिए हेलमेट की अनिवार्यता, फुल फेस हेलमेट पहनने के सही तरीके तथा सीट बेल्ट के महत्व पर भी जोर दिया।

इस दौरान मारुति सुजुकी के रोड सेफ्टी कोऑर्डिनेटर सैयद एहतेशाम ने बताया कि भारत में सड़क दुर्घटनाओं में सर्वाधिक मृत्यु उत्तर प्रदेश में होती हैं। उन्होंने 'गोल्डन आवर' यानी दुर्घटना के बाद के पहले एक घंटे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस दौरान समय पर चिकित्सा सहायता मिलने से पीड़ित की जान बचने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने 'गुड सेमेरिटन लॉ' की जानकारी देते हुए बताया कि दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने वालों को सरकार द्वारा सम्मानित भी किया जाता है। साथ ही आपातकालीन सेवा नंबर 112 की उपयोगिता भी समझाई।

शिविर में छात्राओं के लिए विशेष कौशल विकास कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में 'प्रथम पग सामाजिक स्वावलंबन सेवा संस्थान' की सुनीता ने छात्राओं को कपड़े पर पारंपरिक कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया।

सड़क सुरक्षा विषय पर एक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# भौतिकी में चुनौतियों के साथ असीम संभावनाएं मौजूद : नोबेल विजेता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: भौतिकी के क्षेत्र में अपार चुनौतियों के साथ-साथ असीम संभावनाएं भी मौजूद हैं। हर नई पीढ़ी अपने अनुभव, शोध और नवाचारों के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों के लिए नए ज्ञान और खोजों की विरासत छोड़कर जाती है। यह कहना है प्रख्यात वैज्ञानिक और नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टैन्टिन सेर्गेयेविच नोवोसेलोव का वह बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में छात्रों को संबोधित कर रहे थे। नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टैन्टिन सेर्गेयेविच नोवोसेलोव ने भौतिक क्षेत्र की चुनौतियों और संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा किया।


नोबेल विजेता कॉन्स्टैन्टिन सेर्गेयेविच नोवोसेलोव

सर कॉन्स्टैन्टिन सेर्गेयेविच नोवोसेलोव को वर्ष 2010 में भौतिकी के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्हें यह सम्मान ग्राफीन नामक अत्यंत पतली और मजबूत पदार्थ की खोज और उस पर किए गए महत्वपूर्ण प्रयोगों के लिए दिया गया। व्याख्यान कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कार्यवाहक कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा ने की। इसके अतिरिक्त आईआईटी कानपुर के रजत श्रीवास्तव उपस्थित रहे। डॉ. देवेंद्र सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, गैर शिक्षण अधिकारी एवं कर्मचारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

**क्या होता है ग्राफीनः** ग्राफीन कार्बन का एक ऐसा रूप है जो केवल एक परमाणु की मोटाई जितना पतला होता है, लेकिन बहुत मजबूत और बिजली का उत्कृष्ट चालक होता है। नोवोसेलोव की इस खोज ने नैनो टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स और उन्नत सामग्री विज्ञान के क्षेत्र में नए अनुसंधानों और संभावनाओं के द्वार खोल दिए। उनके इस महत्वपूर्ण वैज्ञानिक योगदान के कारण उन्हें विश्वभर में एक अग्रणी वैज्ञानिक के रूप में जाना जाता है।

# पीएचडी में प्रवेश कार्यक्रम जारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 30 और 31 मार्च को दो दिन दो पालियों में आयोजित होगी परीक्षा

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पीएचडी (नियमित कार्यक्रम) हेतु अनुसंधान प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथि घोषित की है। कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा 30 और 31 मार्च को दो शिफ्टों में आयोजित की जाएगी। 30 मार्च को प्रातःकालीन सत्र 10:30 बजे से 12 बजे तक में हिंदी, मानवशास्त्र, अरब संस्कृति, जैव रसायन, गणित, गृह विज्ञान, पश्चिमी इतिहास, उर्दू, अंग्रेज़ी तथा प्रबंधन अध्ययन विषयों की परीक्षा होगी। उसी दिन अपराह्न सत्र 2 बजे से 3:30 बजे तक सांख्यिकी, भूगोल, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, राजनीति विज्ञान, पत्रकारिता एवं जनसंचार, समाजशास्त्र, भौतिकी, प्राणीशास्त्र, संस्कृत, अरबी तथा अनुप्रयुक्त अर्थशास्त्र की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

31 मार्च को प्रातःकालीन सत्र में पर्यटन अध्ययन संस्थान, शिक्षा, प्राचीन भारतीय इतिहास, विधि, भूविज्ञान, अर्थशास्त्र, पर्यावरण विज्ञान, दर्शनशास्त्र, रसायन विज्ञान, ललित कला, फ्रेंच तथा ओरिएंटल संस्कृत विषयों की परीक्षा होगी। वहीं अपराह्न सत्र में वाणिज्य, कंप्यूटर विज्ञान, मनोविज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रक्षा अध्ययन, सामाजिक कार्य, शारीरिक शिक्षा, लोक प्रशासन तथा मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास विषयों की परीक्षा आयोजित की जाएगी। यदि किसी अभ्यर्थी ने दो या अधिक विषयों में आवेदन किया है और उनकी परीक्षाएं एक ही दिन व सत्र में निर्धारित हैं, तो वह 16 मार्च तक ईमेल के माध्यम से अपनी समस्या से अवगत करा सकते हैं। किसी भी अद्यतन सूचना के लिए विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट व ईमेल संचार पर ध्यान दें।

## सिटी डायरी


उच्च शिक्षा मंत्री को मांग पत्र सौंपते कर्मचारी महासंघ के रिंकू राय।

### कर्मचारी महासंघ के रिंकू राय ने की उच्च शिक्षा मंत्री से भेंट

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के महामंत्री रिंकू राय ने उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. योगेंद्र उपाध्याय से मुलाकात की। कर्मचारी महासंघ की ओर से उन्होंने उच्च शिक्षा मंत्री का आभार प्रगट किया और कहा कि शिक्षणेत्तर कार्मिकों को भी कैशलेस चिकित्सा की सुविधा दी गई है। मंत्री ने कहा कि महासंघ विश्वविद्यालय कर्मचारियों के हित में इसी प्रकार सकारात्मक प्रयास करता रहे। रिंकू राय ने कहा कि महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण मिश्र के अथक प्रयास का यह परिणाम है कि कैशलेस चिकित्सा की सुविधा के अंतर्गत विश्वविद्यालय के कर्मचारी भी आच्छादित किए गए हैं।


संगोष्ठी को संबोधित करते परिसर निदेशक डॉ. सर्वनारायण झा।

### संस्कृत विवि में संगोष्ठी का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में शास्त्र संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में प्रत्येक विद्याशाखा के द्वारा प्रदत्त विषयों के अनुसार सभी छात्रों ने अपने व्याख्यान दिये, जिसमें पालि विषय के छात्रों ने पालि भाषा तथा अन्य विद्याशाखा के छात्रों ने संस्कृत भाषा में अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष में पियूष कुमार को प्रथम पुरस्कार, सिद्धार्थ द्विवेदी को द्वितीय पुरस्कार दिया गया। शिक्षाशास्त्री द्वितीय वर्ष में मनीष झा को प्रथम पुरस्कार, कुमार सुमन को द्वितीय पुरस्कार, व्याकरणशास्त्र विद्याशाखा- शिवम तिवारी प्रथम, सत्यदेव आर्य द्वितीय एवं हरिओम मणि त्रिपाठी तृतीय प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रो.सर्वनारायणझा ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति और परम्परा में शास्त्रो का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है।


बीबीएयू में स्वास्थ्य जागरुकता कैंप में जांच कराते छात्र।

### स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विकास श्रीवास्तव ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजन शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं उनके परिजनों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर किया जाता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विकास श्रीवास्तव, भगिनी निवेदिता वूमेन डेवलपमेंट सेल, बीबीएयू की चेयरपर्सन प्रो. सुमन मिश्रा, चिकित्साधिकारी डॉ. हर्षिता सिंह, नेल्सन मेडिसिटी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल से स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. निधि सिंह एवं फिजिशियन डॉ. नमन उपाध्याय प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



'एक्सीलेंस इन एजुकेशनल लीडरशिप' अवार्ड से शिक्षिका को सम्मानित करते हुए।

### शिक्षिका सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस की शिक्षिका डॉ. सुनीता पाण्डेय को शैक्षिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु 'एक्सीलेंस इन एजुकेशनल लीडरशिप' अवार्ड से नवाजा गया है। पूर्व कोयला मंत्री व राज्यसभा के पूर्व सांसद सन्तोष बागरोड़िया ने डॉ. पाण्डेय को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट किया। संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने इस उपलब्धि हेतु डॉ. सुनीता पाण्डेय को हार्दिक बधाई दी है।

## शैक्षणिक भ्रमण

सीएसआईआर-सीमैप का चेन्नई के 75 विद्यार्थियों ने किया भ्रमण

# जैव विविधता के संरक्षण से होगा स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं में औषधीय और सगंध पौधों की भूमिका को समझने के लिए तमिलनाडु के छात्रों ने सीएसआईआर-केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान (सीमैप) का शैक्षणिक भ्रमण किया। जिज्ञासा कार्यक्रम की स्टूडेंट साइंटिस्ट कनेक्ट पहल के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में चेन्नई के श्री रामचंद्र उच्च शिक्षा व अनुसंधान संस्थान के बायोमेडिकल साइंस के 75 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों को पौधों पर आधारित औषधि खोज, प्राकृतिक उत्पाद रसायन और हर्बल चिकित्सीय उत्पादों के विकास से जुड़ी जानकारी दी गई।


चेन्नई से लखनऊ पहुंचा युवा वैज्ञानिकों का दल। अमृत विचार

मुख्य वैज्ञानिक डॉ. राजेश कुमार वर्मा ने संस्थान के अनुसंधान कार्यों और भारत में औषधीय व सगंध पौधों के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि पौधों से प्राप्त औषधियों, आवश्यक तेलों और न्यूट्रास्यूटिकल्स के विकास में सीमैप महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। स्वास्थ्य के सतत समाधान के लिए पौध जैव विविधता का संरक्षण आवश्यक है। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. भास्कर शुक्ला ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों और वैज्ञानिक समुदाय के बीच की दूरी कम करते हैं।

युवा वैज्ञानिकों ने ली जानकारी

> ऐसी पहलों से युवा मस्तिष्क को प्रेरणा मिलती है और छात्रों व वैज्ञानिकों के बीच संबंध मजबूत होते हैं।
> -डॉ. ज़बीर अहमद, निदेशक सीएसआईआर-आईआईआईएम

- जिज्ञासा छात्र-वैज्ञानिक संपर्क पहल के अंतर्गत आयोजित हुआ कार्यक्रम

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने जीव विज्ञान केंद्रीय सुविधा, टिशू कल्चर कोर फैसिलिटी और रासायनिक केंद्रीय सुविधा का अवलोकन किया। यहां पादप जैव प्रौद्योगिकी, फाइटोकेमिस्ट्री और प्राकृतिक उत्पाद अनुसंधान से जुड़ी आधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही यह बताया गया कि वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी आपस में किस प्रकार जुड़े हुए हैं।